दिन– शुक्रवार दिनांक– 24 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में कल होगा मतदान। सुरक्षा के किये गये व्यापक प्रबंध।

02. प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोरों पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज आरा में जनसभा को संबोधित करेंगे।

03. छपरा में चुनाव बाद हुयी हिंसा के मामले में एसआईटी ने जांच तेज की। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के एक अंगरक्षक को किया गया निलंबित।

04. और, चक्रवातीय परिसंचरण के कमजोर पड़ने के कारण प्रदेश में गर्मी का असर फिर बढ़ा। अगले बहत्तर घंटों के दौरान तापमान में और बढ़ोतरी का पूर्वानुमान।

---

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में कल मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा की दृष्टि से वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के रामनगर विधानसभा क्षेत्र की पच्चीस बूथों और वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र की उनतीस बूथों पर शाम चार बजे तक ही मतदान का समय निर्धारित है।

---

छठे चरण के लोकसभा चुनाव में एक करोड़ उनचास लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या अठ्हत्तर लाख तेईस हजार सात सौ तिरानवे और महिला मतदाताओं की संख्या इकहत्तर लाख सात हजार नौ सौ चौवालीस है। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या चार सौ अट्ठाईस है। वहीं, दो लाख बारह हजार चार सौ छियानवे मतदाता ऐसे हैं, जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

---

छठे चरण के चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि सभी चौदह हजार आठ सौ बहत्तर मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील बूथों पर अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा घुड़सवार दस्ते और नदियों में नाव से भी गश्ती की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि सात हजार छह सौ साठ बूथों से पूरे मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। इधर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले से नेपाल की लगी सीमाओं को सील कर चौकसी बढ़ा दी गयी है। साथ ही उत्तर प्रदेश से लगी सीमाओं को भी सील कर दिया गया है।

---

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत राज्य की आठ संसदीय सीटों पर आठ महिला प्रत्याशियों समेत कुल छियासी उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। सबसे अधिक बहुजन समाज पार्टी के सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, जदयू के चार, भाजपा के तीन, राजद के चार, कांग्रेस के दो और लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के एक उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पैंतीस निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। सीवान और वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है जबकि अन्य छह सीटों पर मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच माना जा रहा है। वाल्मीकिनगर में जदयू के सुनील कुमार कुशवाहा और राजद के दीपक यादव के अलावा कांग्रेस के बागी प्रवेश मिश्रा चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। वहीं, सीवान में जदयू की विजयलक्ष्मी देवी, राजद के अवध बिहारी चौधरी और निर्दलीय हेना शहाब के बीच त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा हैं। पूर्वी चंपारण में भाजपा के राधा मोहन सिंह और वीआईपी के राजेश कुमार के बीच मुख्य मुकाबला है। पश्चिम चंपारण में भाजपा के डॉक्टर संजय जायसवाल और कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी आमने–सामने हैं। शिवहर में जदयू की लवली आनंद और राजद की रितु जायसवाल के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। वहीं, वैशाली में लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की वीणा देवी को राजद के मुन्ना शुक्ला चुनौती दे रहे हैं। गोपालगंज में जदयू के आलोक कुमार सुमन और वीआईपी के प्रेमनाथ चंचल आमने–सामने हैं। महाराजगंज में भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और कांग्रेस के आकाश कुमार सिंह के बीच सीधी टक्कर है।

---

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान के दिन कल संबंधित संसदीय क्षेत्रों में सभी सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के कार्यालयों में सवैतनिक अवकाश रहेगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

---

प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में पार्टी प्रत्याशी आर. के. सिंह के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इधर, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का काराकाट और जहानाबाद लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभा करने का कार्यक्रम है। भाजपा की वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पटना के कंकड़बाग में पार्टी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी और पार्टी के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनावी रैली करेंगे। भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्‌टाचार्य काराकाट लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

---

आरा संसदीय सीट पर एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला होने जा रहा है। आरा अठारह सौ सत्तावन की क्रांति के नायक बाबू वीर कुंवर सिंह के साहस और त्याग के लिए भी प्रसिद्ध है। इस सीट पर राज्य की सात अन्य सीटों के साथ लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को मतदान होगा। यहां अठारह लाख से अधिक मतदाता चौदह उम्मीदवारों की राजनीतिक किस्मत का फैसला करेंगे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

भाजपा ने पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से राजद उम्मीदवार मीसा भारती पर सरकारी सुरक्षा बलों के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से शिकायत की है।

---

पश्चिम चंपारण जिले के बैरिया प्रखण्ड के नारायणपुर गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दरवाजा खटखटाओ, मतदान के लिए बुलाओ अभियान चलाया गया। इधर, जहानाबाद में भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्टेट स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर ने लोगों से एक जून को घरों से निकलकर मतदान करने की अपील की। वहीं, मैथिली ठाकुर आज अरवल जिले में लोक गीतों के माध्यम से लोगों को मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए जागरूक करेंगी।

---

छपरा में चुनाव बाद हुयी हिंसा के मामले में एसआईटी ने जांच तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने बताया कि घटना में प्रयुक्त एक राईफल, एक पिस्तौल और छप्पन कारतूस बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि एफएसएल की टीम एक कारतूस और चार खोखा समेत कई अन्य साक्ष्य एकत्र कर जांच के लिए ले गयी है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद अनुसंधान में काफी मदद मिलेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फायरिंग की एक फुटेज बरामद हुयी है, जिसके आधार पर उपद्रव में शामिल आरोपियों की पहचान की जा रही है। इधर, छपरा की एक अदालत ने हिंसा के मामले में दस आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी किया है। पुलिस आज कोर्ट में इन आरोपियों के खिलाफ कुर्की जब्ती के लिए अर्जी दायर करेगी। इस बीच एसआईटी की टीम ने पटना में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर पुलिस बैरक में रह रहे सुरक्षा कर्मियों और अंगरक्षकों से पूछताछ की। साथ ही जांच टीम ने अंगरक्षकों के रोस्टर से संबंधित जानकारी भी एकत्र की। इधर, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्र ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के एक अंगरक्षक जितेन्द्र सिंह को निलंबित कर दिया है। सारण से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के साथ चुनाव प्रचार के दौरान मौजूद रहने पर अंगरक्षक के खिलाफ यह कार्रवाई की गयी है।

---

चक्रवातीय परिसंचरण के कमजोर पड़ने के कारण प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस.के. सुमन ने बताया कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर स्थानों पर अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

———बाईट———

मौसम विभाग के अनुसार छब्बीस मई से प्रदेश में एक बार फिर अच्छी बारिश का दौर शुरू होगा। उनतीस मई तक बारिश की गतिविधियां जारी रहने का पूर्वानुमान है।

---

कटिहार में पदस्थापित महिला सिपाही प्रभा भारती की हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक ने सिपाही राहुल कुमार, शिवानी कुमारी और नदीम अशरफ को बर्खास्त कर दिया है। इन तीनों की हत्याकांड में संलिप्तता पायी गयी है।

---

दरभंगा जिले के जाले थाना में असामाजिक तत्वों द्वारा भीड़ लगाने के मामले में थानाध्यक्ष विपिन बिहारी को निलंबित कर दिया गया है।

---

नवादा जिले के गोविंदपुर पहाड़ियों में स्थित ककोलत जलप्रपात में अचानक बाढ़ आने से निर्माण कार्य के लिए रखी गयी सामग्री बह गयी। डीएफओ संजीव रंजन ने बताया कि इस दौरान किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने सारण चुनाव हिंसा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– राबड़ी आवास एसआईटी पहुंची, अंगरक्षक सस्पेन्ड।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है– प्रदेश की आठ समेत देश की अट्ठावन सीटों पर थमा प्रचार, मतदान कल। **आज** अखबार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चुनावी सभा में संबोधन को सुर्खी बनाते हुए लिखा है– इस बार एनडीए चार सौ के पार। **राष्ट्रीय सहारा** की प्रमुख खबर है– कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर लगाया पक्षपात का आरोप। कहा– बूथ स्तर का डेटा अपलोड न होने से गड़बड़ी का संदेह। **प्रभात खबर** ने लिखा है– चुनाव नतीजे से पहले सेंसेक्स का नया रिकॉर्ड। रिकॉर्ड लाभांश की मंजूरी के बीच बैंक, पेट्रोलियम और ऑटो कंपनी के शेयर उछले। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है– गाद और रेत के टापू ने गंगा को पटना में घाटों से कर दिया

दूर। गंगा का बहाव पचास प्रतिशत घटा। **दैनिक भास्कर** की खास खबर है– शुगर के मरीज भी आम खायेंगे, बीएयू जर्दालु पर कर रहा शोध। शुगर की मात्रा पंद्रह प्रतिशत से कम लाने का प्रयास।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में कल होगा मतदान। सुरक्षा के किये गये व्यापक प्रबंध।

02. प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोरों पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज आरा में जनसभा को संबोधित करेंगे।

03. छपरा में चुनाव बाद हुयी हिंसा के मामले में एसआईटी ने जांच तेज की। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के एक अंगरक्षक को किया गया निलंबित।

04. और, चक्रवातीय परिसंचरण के कमजोर पड़ने के कारण प्रदेश में गर्मी का असर फिर बढ़ा। अगले बहत्तर घंटों के दौरान तापमान में और बढ़ोतरी का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।